तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025


कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 आरएसएस की शाखाओं में हिन्दू नववर्ष मना

14 हरी सब्जियों के दाम गिरने से उपभोक्ता खुश, किसान मायूस


मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा
दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय : ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

अंगारमोती मंदिर में 3404, बिलाईमाता मंदिर में 1500 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

# मंदिरों में माता के दर्शन के लिए लगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


चैत्र नवरात्रि की शुरूआत रविवार से हो गई है जो 6 अप्रैल तक रहेगी। शाम को गोधूलि बेला में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। घरों में भी भक्तों ने माता की स्थापना की है। पूरे 9 दिन तक श्रद्धालु भक्ति में डूबे रहेंगे। शहर, गांवों में उल्लास का वातावरण रहेगा। सात्विक जीवनशैली अपनाकर भक्त उपवास रखकर दिनभर माता की आराधना में डूबे हैं। नौ दिन तक माता के 9 स्वरूप की पूजा होगी। पंचमी 2 अप्रैल को एवं अष्टमी 5 को तथा 6 को रामनवमी मनेगी। नवरात्रि की शुरूआत होते ही भक्त दर्शन के लिए देवी मंदिरों में आने लगे हैं। कतारबद्ध होकर भक्तगण देवी की पूजा-अर्चना व आरती कर रहे हैं। शाम सात बजे गोधूलि बेला में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। इस वर्ष विंध्यवासिनी मंदिर में 1500, अंगारमोती में 3404 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जिसमें 931 घी, 2373 तेल ज्योति कलश है। दंतेश्वरी मंदिर में 128 ज्योति कलश है जिसमें घी के 55, तेल के 71 तथा 2 मंदिर से, शीतला माता मंदिर में 200 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई। इसी तरह शहर के गायत्री मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, कालिका मंदिर, रत्नेश्वरी मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर सहित सभी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए।

दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र से भी भक्त वाहनों से माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे हैं। भक्तों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग, पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, प्रसाद आदि की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई है। मंदिर के पास चरण पादुका रखने रैक की व्यवस्था है। भक्तों को कतारबद्ध दर्शन कराने वालंटियर तैनात हैं। मंदिर के बाहर परिसर में नारियल, फल, फूल, चुनरी, श्रृंगार, मिठाई की दुकानें सजी हुई हैं।

### दंतेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश जले




### विंध्यवासिनी मंदिर में हुई आकर्षक लाइटिंग, लगी श्रद्धालुओं की कतार





# पारंपरिक एवं वैदिक पूजा के साथ जगमगाई आस्था की ज्योति

- गंगरेल स्थित अंगारमोती मंदिर में 3404 ज्योति हुई प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती मंदिर में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस रविवार को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। माता के दरबार में 3400 से अधिक ज्योति प्रज्ज्वलित हुई। आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने बताया कि मां अंगारमोती के दरबार में वैदिक एवं परंपरागत पूजा व ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। ब्राम्हणों ने वैदिक पूजा पद्धति से वहीं सिरहा-बैगाओं ने अपनी परंपरागत पूजा के तहत ज्योति दीप्तिमान की। उन्होंने बताया कि देवी दरबार में घृत ज्योति की संख्या 931 तथा तेल ज्योति की संख्या 2373 है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के रूप में प्रसिद्ध मां अंगारमोती के दरबार में छग सहित अनेक प्रदेश के लोग ज्योति जला रहे हैं।

ज्योत एवं माता स्थान के लिए गोंड़ समाज युवा प्रभाग के करीब 65 वालिंटियर लगाये गए है। ट्रस्ट और गोंड़ समाज के सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है जो पूरे 9 दिन तक व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करेंगे। इनमें जीवराखन मरई , माधव सिंह ठाकुर, उदय नेताम, शिवचरण नेताम, डॉ एआर ठाकुर, ढालुराम ध्रुव, शिव नेताम, गणेश्वर ध्रुव, ओंकार नेताम, सुदर्शन ठाकुर, ललित ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, शिव कुंजाम, हुलार कोर्राम, तुकाराम मरकाम, सुदेसिंह मरकाम, सीताराम ध्रुव, राधेश्याम नेताम, रिखी राम मरकाम, नकुल नेताम, चंद्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, नीलिमा नेताम, नंदा ध्रुव, गीता नेताम, राजेन्द्र पडोटी, वेदप्रकाश ध्रुव, तिजेन्द्र कुंजाम, हेमन्त ध्रुव, बंटी मरकाम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, युवराज मरकाम आदि शामिल हैं।


# झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज ने निकाली शोभायात्रा



- फूलों की वर्षा कर किया स्वागत, रास्ते भर हुई आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर रविवार को सिंधी समाज ने सामूहिक रूप से पूजा पाठ कर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान सभी समाजजन अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। शोभायात्रा शाम 5 बजे शुरू हुई। शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर सदर मार्ग होते हुए घड़ी चौक पहुंची। अंत में बनिया तालाब में विसर्जित हुई। रास्ते भर आतिशबाजी हुई। विभिन्न समाज, वर्ग, समूह ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। स्टाल लगाकर स्वल्पाहार, पेयजल, शरबत, मिठाई की व्यवस्था की गई जहां शोभायात्रा में शामिल समाजजनों ने स्वल्पाहार लिया। हाथों में समाजजन भगवान झूलेलाल साईं का झंडा लिए हुए थे। सभी समाजजन श्वेत वस्त्र परिधान में नजर आए। समाज के अध्यक्ष चंदू जसवानी ने बताया कि इस वर्ष भी चेट्रीचंड्र महोत्सव पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सभी समाजजन सहित अन्य समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान शिव की बड़ी प्रतिमा, झूलेलाल साईं की प्रतिमा रथ में सवार थी। शहरवासियों ने पूजा पाठ कर आरती उतारी। रथ में दीप प्रज्ज्वलन के लिए 2 हजार दीए की व्यवस्था थी, जिसे जलाकर शहर की सभी दुकानों, घरों के आंगन में रखवाया गया। दीवारों में नारे लिखे स्टीकर लगाए। इससे पूर्व समाज के युवाओं ने सुबह 10 बजे शहर में बाइक रैली निकाली जो शहर के सदर मार्ग, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड, विंध्यवासिनी मार्ग का भ्रमण किया। हाथों में भगवा ध्वज व झूलेलाल भगवान का झंडा लिए हुए थे। दोपहर को पूज्य श्री सिंधी समाज धर्मशाला में आम लंगर गुरूप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें समाजजन सहित शहरवासियों ने प्रसादी ग्रहण किया। रात्रि 10 बजे घड़ी चौक में भगवान झूलेलाल साईं की महाआरती हुई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष नंदू जसवानी, महेश रोहरा, गोपाल वाधवानी, सुखी कोटवानी, अशोक बुधवानी, कैलाश बख्तानी, राजेश चावला, रोमी सावलानी, पार्वती वाधवानी, जीविका सावलानी, प्रिया पंजवानी, साक्षी वाधवानी, रोमा राहुजा, प्राप्ति वाशानी सहित सैकड़ों समाजजन सम्मिलित हुए।




## पीएम से अपनत्व, स्नेह पाकर अभिभूत हूं : प्रीतेश



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ आगमन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ प्रीतेश गांधी ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि पीएम ने जो अपनत्व, आत्मीय स्नेह, प्यार दिया उससे में अभिभूत हूं। यह प्रेरणादायी क्षण सदैव स्मरणीय रहेगा।

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह व वार्षिक सम्मेलन आज

**जीजामगांव।** ग्रामीण साहू समाज बिरेझर व परिक्षेत्र साहू समाज दरबा के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक सम्मान समारोह व सामाजिक वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 31 मार्च को किया गया है। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी साहू में समाज बिरेझर अध्यक्ष रामचंद्र साहू, सचिव गुपेंद्र साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी व ग्रामीण जुटे हुए हैं। रात्रि में मनोरंजन के लिए आदर्श बाल जस झांकी मंडली बोदल गुण्डरदेही बालोद का कार्यक्रम होगा।

### संकरी में कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन आज




**सिर्री।** ग्राम संकरी में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 31 मार्च को रखा गया है। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पोखराज साहू अध्यक्ष चिंवरी परिक्षेत्र एवं रेलहा राम साहू संरक्षक चिंवरी परिक्षेत्र करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन गांव के ही ज्ञान मंदिर चौक में किया जाएगा। सोमवार को सुबह 10 बजे कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। शाम 5 बजे अतिथियों का स्वागत, उद्बोधन होगा। मनोरंजन के लिए रात्रि में जय मां शीतला पंडवानी सांस्कृतिक समिति राजपुर छुरा गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी जीवनलाल साहू ने दी।

चैत्र नवरात्रि पर जिला जेल का माहौल हुआ भक्तिमय

# जेल में भजन कीर्तन, 10 बंदियों ने रखा है उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवरात्रि पर जेल का माहौल धर्ममय हो गया है। यहां पर भजन कीर्तन तो रोज होता है, लेकिन नवरात्रि में विशेष पूजन, भजन का दौर शुरू हो गया है। पहले दिन ही संगीत शिक्षक के साथ भजन- कीर्तन का दौर चला। यह सिलसिला 9 दिनों तक जारी रहेगा। यही नहीं नवरात्रि में 10 बंदियों ने उपवास भी रखा है।

सजा देने के साथ जेल में सुधार कार्य लगातार जारी है। यहां निरूद्ध बंदियों को धर्म-कर्म से जोड़ने के लिए नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है। यहां पर 10 बंदियों ने 9 दिनों का उपवास भी रखा है। उनके लिए जेल में फलाहार की व्यवस्था भी की गई है। सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने बताया कि उपवास रखने वाले बंदियों का पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीपी, शुगर जैसी अन्य समस्याओं की जांच की गई। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर ही बंदियों को उपवास रखने की अनुमति दी गई है। स्वास्थ्य समस्या पाए जाने पर बंदियों को उपवास नहीं रखने की सलाह दी जाती है। उन्होंने बताया जिन बंदियों ने उपवास रखा है, उनके लिए जेल प्रशासन द्वारा फलाहार की व्यवस्था पूरे 9 दिनों तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि जेल की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है। रोजाना बंदियों की तलाशी भी ली जा रही है।



### रहता है धार्मिक माहौल

जेल का माहौल धार्मिक रखने के लिए यहां पर सर्वधर्म प्रार्थना स्थल बनाया गया है। जहां पर शिव मंदिर, हनुमान मंदिर सहित अन्य धर्म के देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित की गई है। इस स्थान पर हर धर्म के अनुयायी प्रार्थना कर सकते हैं। रोजाना रामायण पाठ भी किया जाता है। सहायक अधीक्षक ने बताया कि नवरात्रि में विशेष भजन कीर्तन हो रहा है, जिसमें माता दुर्गा की आराधना प्रमुखता से की जाती है।

### न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने रविवार को जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल के सभी बैरकों में जाकर बंदियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पाकशाला, वीडियो कांफ्रेसिंग कक्ष, वारंट शाखा, स्थापना शाखा सहित विभिन्न प्रभागों का जायजा लिया। जेल की चाक -चौबंद व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सहायक जेल अधीक्षक श्री डहरिया और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### बस्तर महाराजा से मिले जिला भाजपा मंत्री

**नगरी।** जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा ने जगदलपुर राजमहल में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान उनके साथ जगदलपुर निवासी अमरचंद गोलछा भी मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से बचने के तरीके बताए



- कन्या कालेज में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर हुआ अतिथि व्याख्यान

**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग एवं रेडक्रास द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने की। विषय विशेषज्ञ क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक डॉ. प्रीति चांडक जिला अस्पताल रही। कार्यक्रम का आयोजन खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर बांधे द्वारा किया गया। डॉ. राजपुरिया ने मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से कैसे दूर रहे, इस पर जानकारी दी। आगे कहा कि हमें हर काम को दबाव में नहीं करना चाहिए एवं स्थिर व शांत मन के साथ कार्य करें। मुख्य वक्ता डॉ. चांडक ने बताया कि मन को स्थिर नहीं रख सकने के कारण दिन ब दिन दबाव में कार्य कर रहे हैं। खासतौर छात्र जीवन में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई लोग दबाव में आकर आत्महत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। डॉ. चांडक ने जीवन के हर आयाम में मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के कई तरीके बताये।

## निधन

### सुशीला जगताप



**धमतरी।** मराठापारा निवासी सुशीला जगताप 80 वर्ष का निधन हो गया। वे सुदेश जगताप, नीरज जगताप की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान मराठापारा से निकली।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें

संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

अमाली में हुआ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महाधिवेशन

# समाज की परम्परा व संस्कृति के संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महाधिवेशन फरसियां परिक्षेत्र के ग्राम अमाली में हुआ। समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गइ। कलश यात्रा में अमाली के मुख्य गली-मोहल्लों व चौक चौराहों से गुजरते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंची। उसके बाद सामाजिक परम्परा अनुसार समाज के मुखिया कंवल राम साहू की ताजपोशी की गई। महाधिवेशन में सामाजिकजनों ने समाज की परम्परा व संस्कृति को बचाए रखने पर विचार रखे। समाज में हो रही खर्चीली शादियों पर विराम लगाने, अंतर्जातीय प्रकरण व धर्मांतरण को रोकने तथा नशामुक्त समाज की स्थापना पर जोर दिया गया।







### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

इस महाधिवेशन में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया साथ ही विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों का सम्मान किया गया। इस महाधिवेशन में नगरी सिहावा क्षेत्र के पत्रकारों को पेन, डायरी और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले समाज के लोगों का अभिनंदन किया गया।

### समाज में महिलाओं को आगे आना जरूरी : अंबिका

प्रथम सोपान की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक ने कहा कि हमें समाज के लिए नई सोच रखनी है ताकि समाज के सभी लोगों का विकास हो सके। उन्होंने समाज में शिक्षा की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से समाज आगे बढ़ता है और समाज संस्कारित होता है। समाज में अंतर्जातीय विवाह को रोकने के लिए गहन विचार करना जरूरी है।

### युवा नशापान से रहें दूर : अरुण

महासभा के द्वितीय सोपान के मुख्य अतिथि जिला पंचायतअध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि हमें समाज से जुड़कर रहना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोग छोटे व्यापार, व्यवसाय को अपनाकर लगन से काम करें तो निश्चित ही एक दिन सफलता मिलेगी। समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नए नए कौशल और कलाकारी को सीखकर अपने परिवार का भरण पोषण करें एवं नशापान से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपना योगदान दें।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया वार्डों का भ्रमण



- वार्डों की समस्याओं को सुलझाने सीएमओ, इंजीनियर को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने विभिन्न वार्डों एवं निर्माणाधीन स्थलों का मुआयना कर मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भखारा के तालाब, बाजार हॉट, मुक्तिधाम, प्लांटेशन ऑक्सीजोन भठेली रामपुर रोड, पानी टंकी, शीतला तालाब, कॉम्प्लेक्स हेतु स्थान, निर्माणाधीन पानी टंकी, मुक्तिधाम भठेली, ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। नपं अध्यक्ष ज्योति जैन ने सुबह विभिन्न वार्डों का दौरा कर समस्याएं देखी। इन वार्डों की समस्याओं को गंभीरता से सुलझाने नगर पंचायत के सीएमओ, इंजीनियर सहित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही वार्डों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। उन्होंने पेयजल समस्या, सफाई कार्य, बिजली व्यवस्था एवं मुक्ति धाम में मिट्टी समतलीकरण कार्य का जायजा लिया। अध्यक्ष ज्योति जैन ने भखारा भठेली को स्वच्छ और विकसित बनाने की अपील की। साथ ही मोर नगर मोर जिम्मेदारी अभियान चलाकर समृद्ध भखारा भठेली बनाने में सहयोग करें। समाज और प्रशासन की साझेदारी से नगर में विकास की नई राह खुलेगी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, इंजीनियर एसके गुप्ता, पार्षदगण हितेंद्र साहू, भूपेंद्र यादव, छबिलाल निर्मलकर, डुमेंद्र गंगबेर, जितेंद्र साहू, छोटू माल आदि उपस्थित थे।

# छिन्दीटोला उमरगांव में गोंडी कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव में गोंडी कोयापूनेम धर्म दर्शन कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में धर्माचार्य शंकर शाह इरपाची सिवनी (मप्र) ने प्रकृति में जीव जगत की उत्पत्ति सहित आदिवासियों की पुरातन संस्कृति और परंपराओं की जानकारी दी। इस अवसर पर आदिवासी युवक-युवतियों ने पारंपरिक नृत्य रेला पाटा प्रस्तुत किया। आदिवासी समाज के प्रमुखों ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों को अपनी परम्परा और संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। आदिवासी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना है। इस आयोजन से आदिवासी समाज में एकता भाईचारे की भावना जागृत होती है। संस्कृति और परंपराओं को जानने व समझने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में गोड़वाना समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में नगरी सिहावा, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, बालोद जिले सहित उड़ीसा राज्य के आदिवासी सम्मिलित हुए।

# लोगों को अंधविश्वास के जाल में नहीं फंसना चाहिए : चंद्रकला

- करेली बड़ी में कबीर सत्संग सुनने उमड़ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





साहू समाज भवन करेली बड़ी में तीन दिवसीय कबीर सत्संग 29 से 31 मार्च तक आयोजित किया गया है। प्रवचनकर्ता सोनार देवरी से पहुंची साध्वी चंद्रकला साहेब ने सत्संग के प्रथम दिवस सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में सत्संग का बड़ा महत्व होता है। प्रत्येक मनुष्य को अच्छे से सत्संग करना चाहिए। सत्संग से 50 वर्षों का पुण्य 20 मिनट में प्राप्त हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आजकल लोग अंधविश्वास के मायाजाल में जकड़ा हुआ है। इसका प्रमुख कारण डर है। भगवान की भक्ति करने से सारे डर व पाप भाग जाते हैं। सत्संग में आगे बताया कि मानव जीवन अनमोल है। सत्संग सुनने आसपास से सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। आयोजन में शेषनारायण साहू, नारायण साहू, कृपाराम साहू, रामदयाल साहू, देवनाथ साहू, कांशीराम साहू, अश्वनी साहू, तकेश्वर साहू जुटे हैं।

## अंचल की खबरें

### आनंद बने गुरूर भाजपा मंडल अध्यक्ष



**पुरूर(धमतरी)।** भाजपा मंडल गुरूर के अध्यक्ष आनंद शर्मा बनाए गए। भाजपाइयों ने पार्टी कार्यालय गुरूर में उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा नेता ईशाप्रकाश साहू ने कहा कि आनंद की नियुक्ति गुरूर मंडल अध्यक्ष के रूप में हुई है। पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू को सम्मान के साथ विदाई दी गई। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा कि हमारे ही परिवार से पार्टी का ही कोई कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष बना है और उनसे अपेक्षा भी रखेंगे कि आने वाले समय में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते हुए मिलजुलकर कार्य करें।

### गायत्री प्रज्ञा भवन में हुई कलश स्थापना



**अंवरी।** इस साल चैत्र नवरात्रि 9 नहीं बल्कि 8 दिन की होगी। ऐसे में 31 मार्च से आरंभ होकर 6 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने के साथ कलश स्थापना करने का विधान है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भखारा भठेली स्थित गायत्री प्रज्ञा भवन में अखंड ज्योति एवं कलश स्थापना विधिपूर्वक की गई। साधकों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने दीप प्रज्ज्वलित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, टीकाराम साहू, हेमसिंह गौर, वीरेंद्र साहू, पूर्व पार्षद भारती साहू सहित साधकगण व गायत्री प्रज्ञा परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने एसडीएम, सीईओ से भेंट की



**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के प्रतिनिधिमंडल ने नगरी अनुभाग में नवपदस्थ सुश्री प्रीति दुर्गम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, करूणा सागर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। फेडरेशन ने अधिकारियों से मिलकर कर्मचारियों के हित पर कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, महासचिव गिरीश जायसवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, विजय गेंडरे, अशोक साहू, तरुण कुमार साहू ,प्रवक्ता केपी साहू, बेलर तहसील संयोजक सुरेंद्र नेताम, सहायक शिक्षक फेडरेशन अध्यक्ष शरीफ बेग मिर्जा, श्रवण कुमार साहू, कोमलुराम नेताम सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# प्रज्ञा शिवमहापुराण के श्रवण से धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है : शकुंतला

- गुदगुदा में चार दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, शिवमहापुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम गुदगुदा में यज्ञ संचालन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा शिवमहापुराण कथा का आयोजन हुआ। कथावाचक महाराज परमानंद थे। 26 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे तक कलश यात्रा निकाली गई पश्चात शिवकथा प्रारंभ हुई। 27 एवं 28 मार्च को 3 से 6 बजे तक पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना के बाद रुद्राक्ष की महिमा बताई गई।

समापन दिवस पर क्षेत्र की जनपद सदस्य शकुंतला देवांगन भी उपस्थित हुई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गांव में गायत्री महायज्ञ होने से गांव में सुख शांति रहती है। प्रज्ञा शिवमहापुराण की कथा सुनने से लोगों में अपने धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। अपने धर्म को लेकर प्राचीनतम आवश्यक विषयों को जानकर उसे अपने जीवन में सकारात्मकता के साथ अमल करने से जीवन में एक विलक्षण आनंद की अनुभूति होती है। इससे परमात्मा का ध्यानकर पाना संभव होता है। गायत्री यज्ञ का संचालन गैंदलाल साहू, कुंजलाल साहू मोहन साहू, प्रीतम साहू द्वारा किया गया।

मौके पर हितेश सोनकर उपसरपंच, ग्राम पटेला नारायण साहू, मन्नूलाल, अलीराम साहू, प्रशांत, देवशरण, डुमन लाल, पवन, दिलेश्वरी, जमुना, सुकुमारी, संतोषी, यमुना, सरस्वती साहू, देवकी, हितेश साहू, वेद सोनकर समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। समापन दिवस पर सती चरित्र की कथा सुनाई गई। शिव-पार्वती विवाह हुआ।

# घुरावड़ स्कूल के नौ विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन



गोपीचंद वट्टी | दीक्षांश पटेल | लोकमान्य शोरी | चित्रांशी नेताम | तनिश देवांगन



रोमिक्षा नेताम | मोक्ष साहू



युगांत कश्यप | हिमांशु यादव

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला घुरावड़ के नौ विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इसमें गोपीचंद वट्टी, दीक्षांश कुमार पटेल, लोकमान्य शोरी, चित्रांशी नेताम, तनिश देवांगन, रोमिक्षा नेताम, मोक्ष साहू, युगांत कश्यप और हिमांशु यादव शामिल हैं। नवोदय परीक्षा की तैयारी शिक्षक पीलूराम निषाद, रूमलाल किरसान द्वारा कराई गई। पिछले तीन वर्ष में इस विद्यालय के 18 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। बच्चों की इस उपलब्धि पर संकुल समन्वयक एमके सोरी, प्रधानपाठक विक्रांत ठाकुर, शिक्षक गंगाराम बांधे, झमेश पटेल, खेमलाल भंसारे, तीरथराम यादव, गोदावरी साहू, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सचिव थानसिंह देवांगन एवं ग्रामीणजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

साहू समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन, कर्मा जयंती पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# एकजुटता ही समाज की असली ताकत है





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

साहू समाज अंवरी के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर ग्रामीण साहू समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गांव की गलियों का भ्रमण किया। मौके पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए। अंवरी में विगत दो तीन वर्षों से भव्य आयोजन किया जा रहा है यह सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश साहू, उपाध्यक्ष तुलेन्द्र साहू, महिला उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, फूलसिंग साहू, विश्वनाथ साहू, संतराम साहू, केजराम साहू, नागेश्वर प्रसाद साहू , दुलारुराम साहू, जिपं सदस्य कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, सरपंच हितेंद्रनाथ मंडल, बालाराम धुव्र, कुलंजन ठाकुर, चिंताराम मरकाम समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। रात्रि में रिकॉर्डिंग डांस रखा गया जिसका ग्रामीणों ने आनंद लिया।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, भोथामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-25273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### मोदी की सभा में शामिल होने पहुंचे कार्यकर्ता



**धमतरी।** ग्राम खरेंगा के भाजपा कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने बिलासपुर रवाना हुए। भाजपा के वरिष्ठ नेता दयाराम, सुभाष साहू, हिरेन्द्र साहू, रघुनाथ साहू, गोकुल साहू, रामचरण निषाद, योगेश्वर साहू, हुमन साहू, कृष्णा साहू ने झंडी दिखाकर कार्यकर्ताओं को रवाना किया।

### रक्तदान ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर



**धमतरी।** रक्तदान ग्रुप धमतरी के तत्वावधान में पुलिस थाना पुरूर (बालोद) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, रक्तदान ग्रुप के तुलेश साहू, शिवा प्रधान, पप्पू साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष साकेश साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। थाना प्रभारी श्री सिन्हा ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि खून के लिए मरीजों को भटकना न पड़े इस उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान से शरीर स्वस्थ भी रहता है।

### शीतला माता मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**धमतरी।** ग्राम दर्री के नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। पूजा-अर्चना, भव्य शोभायात्रा, भंडारा हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शीतला माता से सुख, समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की गई। मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष डिगेश्वर साहू, महामंत्री प्रदेश साहू संघ दयाराम साहू, सरपंच हिमांशु शेखर साहू, जनपद सदस्य श्रीमती गीतेश्वरी साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे। इस आयोजन में चंद्रेश साहू, माखन यादव, चंद्रहास साहू, डेमनलाल, निरंजन साहू, रामदयाल साहू, भोलाराम, राजकुमार कुंभकार, टेकाराम, छत्रपाल साहू, विशु चक्रधारी, पतराम यादव, पंचूराम, खूबलाल, खिलेश, भुनेश्वरी साहू, तीजिया कुंभकार, राधाबाई, चमेली बाई, दामिनी साहू का योगदान रहा।

### शहर के व्यापार को लेकर की चर्चा



**धमतरी।** धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स की टीम ने कलेक्टर से भेंट की। कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर से शहर के व्यापार और व्यापारियों की विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने चैंबर ऑफ कॉमर्स की टीम के साथ चर्चा करते हुए शहर में कई योजनाओं की जानकारी भी दी। बताया कि आगामी जून माह तक धमतरी में बड़ी रेललाइन का कार्य पूरा होने की संभावना है। इससे शहर के व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी। पर्यटक स्थल हेतु योजना बनाई जायेगी। कलेक्टर ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने कई नए मार्ग बनाने की बात कही। आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा रोड के चौड़ीकरण हेतु सर्वे का कार्य हो चुका है। मौके पर अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, उपाध्यक्ष रविंदरसिंह छाबड़ा, सचिव राजा रोहरा, सहसचिव आलोक पांडेय, कोषाध्यक्ष भूपेश अम्बानी, प्रमोद पाण्डेय, सुरेश वर्ल्यानी, भगत देवांगन, राजमल राखेचा, महानंद साहू, कन्नू कामरानी, सलीम, मेडिकल औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सतराम वाशानी एवं अन्य व्यापारी शामिल हुए।

### क्रिश्चयन हॉस्पिटल में महावीर प्रसादी टिफिन का वितरण



**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी ने धमतरी क्रिश्चयन हॉस्पिटल में 55 महावीर प्रसादी टिफिन (भोजन) के साथ बिस्किट और केला का वितरण रोगी एवं अटेंडर को किया। यह आयोजन स्व. लालचंद लुंकड़ की स्मृति में उनके परिवार द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, निलेश लुंकड़, दिलीप बड़जात्या, खेमचंद गोलछा, धीरेन्द्र नाहर, विनोद चौरडिया, नीलू लुनावत, संजू बड़जात्या का सहयोग मिला।

### संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार को आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया गया

# आरएसएस की शाखाओं में हिन्दू नववर्ष मना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

30 मार्च को नवरात्रि प्रारंभ और झूलेलाल जयंती के साथ आरएसएस की शाखाओं में धूमधाम से हिन्दू नववर्ष मनाया गया। धमतरी नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभिन्न शाखाओं में सुबह 6.30 बजे सामूहिक रूप से संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार को आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया गया। तत्पश्चात संघ द्वारा हिन्दू नववर्ष क्यों मनाया जाता है, इस विषय पर अतिथियों का उद्बोधन प्राप्त हुआ।

मराठापारा स्थित शिवाजी प्रभात शाखा में 6.30 बजे संपत्त किया गया। इसके बाद नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र की अगुवाई में 25 की संख्या में बुजुर्ग, प्रौढ़ और बाल्य स्वयंसेवकों ने आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया। पवित्र ध्वजा लगाकर, ध्वज प्रणाम पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य वक्ता रिटायर्ड सहायक संचालक लक्ष्मणराव मगर का उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा पालक राघवराव रणसिंह ने की।





श्री मगर ने कहा कि भारत माता के वीर सपूतों, देश के महान योद्धाओं ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर हिन्दू समाज को बचाकर रखा है उनको कोटि-कोटि प्रणाम। संघ के 6 उत्सवों में हिन्दू नववर्ष प्रथम उत्सव है। इस उत्सव को मनाने का मुख्य कारण है कि कालांतर में विदेशी आक्रांताओं के कारण हमारे देश में विभिन्न संस्कृतियों का आगमन हुआ। उन आक्रांताओं के दबाव के कारण हमारे पुराने तीज त्योहार विलुप्त होते गए। अंग्रेजों के प्रभाव में आकर हमने 1 जनवरी कैलेण्डर वर्ष को अपना नया साल मान लिया। इस भ्रांति को दूर करने संघ के पुरोधाओं ने 100 साल की तपस्या और अखंड प्रयास किया। उन्हीं के प्रयास से आज पूरे भारत वर्ष में लोग हिन्दू नववर्ष मना रहे हैं। डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना कर इसे देश भर में संघ की शाखाओं के रूप में खड़ा किया। फिर संघ ने व्यवस्था परिवर्तन का निर्णय लिया। व्यवस्था परिवर्तन के बाद समाज परिवर्तन करने का काम कर रहा है। उनका प्रयास है कि वंचित समाज के मन में भाव लाना कि आप भी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि भारत हिन्दू राष्ट्र बने। हिन्दू राष्ट्र के निर्माण की ओर बढ़ने के लिए अपना सर्वस्व त्याग करें। इस बार विराट महाकुंभ के आयोजन ने दिखा दिया कि समाज में परिवर्तन हो रहा है। इस कुंभ में समस्त हिन्दू समाज के अंग, विभिन्न जाति के लोगों ने एक साथ गंगा में डुबकी लगाई। यह समाज परिवर्तन का जीता जागता उदाहरण है। अंत में प्रार्थना प्रश्चात सभी स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को गले लगाकर हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिरोमणिराव घोरवड़े, विनोदराव रणसिंह, मोहनराव रणसिंह, दिनकर राव चव्हाण, शाखा कार्यवाह राजू सोनकर, योगेश साहू, नितेश कुंभकार, दिनेश पटवा, राजकुमार क्षत्रीय, ऋषिकांत सिन्हा, योगेश जगताप, शिवाजीराव भोसले, धनेश्वर यादव, सतीश भांडुलकर, अजय नामदेव, राजू निर्मलकर, हेमचरण साहू, डागेश्वर साहू, पवन धीवर, धनराज पटेल, अयांश सिंह, जिला प्रचार प्रमुख नीलेश राजा, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट उपस्थित थे। वहीं मां कालिका प्रभात शाखा मकेश्वर वार्ड में 56 स्वयंसेवकों ने आद्य सरसंघचालक प्रमाण किया जिसमें 6 वयस्क और 50 बाल स्वयंसेवक मौजूद थे। मुख्य वक्ता सहकार्यवाह सुनील यदु थे। उन्होंने संघ की शाखा का महत्व बताते हुए कहा कि प्रतिदिन लगने वाली शाखा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की धड़कन है। जिस दिन यह शाखा धक-धक करना बंद कर देगा, संघ समाप्त हो जायेगा। इसलिए हमें नियमित रूप से शाखा को जीवित रखना है। इस अवसर पर दिलीप पटेल, प्रहलाद पटेल, गजेन्द्र मीनपाल, राजकुमार पटेल, डॉ.धर्मेन्द्र सिन्हा सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। इसी तरह विंध्यवासिनी प्रभात शाखा एकलव्य खेल मैदान, विंध्यवासिनी प्रभात शखा जालमपुर, दानवीर प्रभात शाखा साहू सदन, जगतजननी प्रभात शाखा शिशु मंदिर में भी हिन्दू नववर्ष मनाया गया।

### अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही उजागर

# जान जोखिम में डालकर काम कर रहे मजदूर



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्रामीण अंचल में विद्युत पोल एवं विद्युत तार का जाल बिछा हुआ है। विद्युत लाइन में तार खींचने या विद्युत पोल खड़ी करने का कार्य विभागीय कंपनी द्वारा या ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है। बिना सुरक्षा व्यवस्था के मजदूरों की जान जोखिम से भरा हुआ है। विद्युत कार्यालय कुंडेल अंतर्गत शुक्लाभाठा सबस्टेशन क्षेत्र ग्राम भोथीडीह में पुराने विद्युत तार को निकालकर खंभे में केबल लगाने का कार्य मजदूरों द्वारा किया जा रहा है। विद्युत लाइन में कार्य कर रहे मजदूरों सबीर यादव, ललेश्वर, तेजराम, आगेश्वर, भीषम, लीलाराम ने बताया कि आरडीएस आइडिया कंपनी द्वारा विद्युत पोल में केबल लगाने तथा तार खींचने का कार्य किया जा रहा है। सेफ्टी बेल्ट, हैंड ग्लास, जूता, हेलमेट सहित अन्य उपक्रम की सुविधा नहीं है। जीवनयापन कर परिवार चलाने के लिए जान जोखिम में डालकर काम करने की मजबूरी है।

#### विद्युत कार्यालय प्रभारी अनजान

ग्रामीण अंचल में आरडीएस आइडिया कंपनी द्वारा मजदूरों के माध्यम से विद्युत लाइन में कार्य किया जा रहा है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी को नहीं है। कुंडेल विद्युत कार्यालय प्रभारी संजय यादव ने बताया कि उसे इस संबंध में कुछ जानकारी नहीं है।

> मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था उपकरण सामग्री कंपनी द्वारा नहीं दी गई है। कल से सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।
>
> **लीलेश्वर**, इंजीनियर आरडीएस कंपनी

> विद्युत लाइन में कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा उपकरण सामग्री अनिवार्य है। कंपनी एवं ठेकेदार द्वारा विद्युत विभाग को बिना जानकारी के विद्युतलाइन में कार्य करा रहे हैं। यहां उचित नहीं है।
>
> - **पंकज मंडिया**, *जेई मगरलोड*

### जैन मुनियों से रंजना ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी महावीर जयंती के अवसर पर धमतरी की पावन भूमि में महेंद्रसागर मसा, मनीषसागर मसा, हंसकीर्ति श्रीजी का मंगल प्रवेश हुआ। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने जैन मुनियों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बीएल जैन, नीरज नाहर, हर्षित नाहर, संजू लोढ़ा, विनोद बैद, राहुल पारख, सतीश नाहर, भावेश नाहर, अंकित बरडिया, प्रतीक बैद, कान्हा गांधी, आकाश छाजेड़, भव्य भंसाली, सौरभ पारख सहित समाजजन एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## शहर से होकर गुजरने वाले हाइवा के लिये रूट व समय निर्धारित



■ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व सुगम यातायात व्यवस्था बनाने यातायात पुलिस द्वारा शहर से होकर गुजरने वाले हाइवा वाहनों के लिये रूट निर्धारित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के अंदर से रेत लेकर गुजरने वाले हाइवा वाहनों के मार्गों का निर्धारण किया गया है। बालोद की तरफ से रेत लेने आने वाले हाइवा वाहन श्यामतराई से बाइपास होते हुए खपरी से होकर अर्जुनी मोड़ होते हुये रेत खदान की ओर जायेंगे। इसी तरह दुर्ग की ओर से आने वाले हाइवा वाहन भी बाइपास होते हुये खपरी व अर्जुनी मोड़ से होकर रेत खदान जायेंगे। हाइवा वाहनों का शहर में प्रवेश के लिए रात्रि 10 बजे का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय के बाद 20-20 की संख्या में वाहन 15 मिनट के अंतराल पर जायेंगे। उक्त वाहनों की निर्धारित गति 20 किमी प्रतिघंटा होगी। वहीं रेत भरकर आने वाले वाहनों को तिरपाल से ढंकना होगा। निर्धारित किये गये रूट के अलावा शहर के अंदर से रेत परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। यातायात पुलिस ने हाइवा चालकों से निर्धारित किये गये रूट एवं समय का पालन करने की अपील की है।

## शीतला मंदिर परिसर, माता तालाब के आसपास चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीद, सफाई मित्रों ने शीतला मंदिर व माता तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया। माता तालाब के किनारे साफ सफाई कर झिल्ली कचरा उठाया गया। नगर पंचायत के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षद हरीश साहू, असकरण पटेल, राजा पवार, चेलेश्वरी साहू, नरेश पटेल, मिक्की गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत कुमार वर्मा, इंजीनियर परमेश ध्रुव, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र साहू, स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू, ने हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि हमे एक स्वच्छ, स्वस्थ और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही जन सेवा आंदोलन के लिए पूरी निष्ठा के साथ समर्पित होकर कार्य करना होगा। अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे और न ही किसी को फेंकने देंगे। घरों का गीला एवं सूखा कचराअलग-अलग डब्बे में रखेंगे। मोदी जी की सोच के अनुसार पिछले कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चल रहा है जिसका अच्छा परिणाम आया है। नगर पंचायत नगरी में इसी तरह अभियान चलाकर नगर के तालाबों, धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थानों की सफाई की जाएगी।

### जनपद अध्यक्ष ने हितग्राही को गृह प्रवेश कराया

**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी में प्रधानमंत्री आवास की हितग्राही कुंतीबाई साहू का नवनिर्मित भवन बनकर तैयार है। जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने पूजा-अर्चना पश्चात हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कराया।

## मानव को अपने धर्म पर अडिग रहना चाहिए : जगदीश प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

■ चिंवरी में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ जारी

ग्राम चिंवरी के शीतला मंदिर परिसर में गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन 28 से 31 मार्च तक किया गया है। प्रज्ञापुराण वाचक अछोला आरंग निवासी जगदीशप्रसाद साहू ने कहा कि मानव जीवन भाग्य से मिलता है। इसे व्यर्थ में नहीं गंवाना चाहिए। भगवान की भक्ति में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। रोजमर्रा के कामों के अलावा भगवान के प्रति प्रेम रखते हुए उनकी भक्ति में लीन रहने से जीवन में अपार सुख का अनुभव होता है। आगे बताया कि शेर कितना भी भूखा हो वह कभी भी घास नहीं खायेगा। गौ माता को भूखा रखकर अंत में मांस का टुकड़ा दे दिया जाए तो वह उसे मुंह तक नहीं लगाएगी। इसी प्रकार



मनुष्य को अपने धर्म पर अडिग रहना चाहिए। 28 मार्च को दोपहर 3 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली गई। 29 मार्च को 8 से 10 बजे तक हवन-पूजन हुआ। 10 से 1 बजे तक एवं 3 से 6 बजकर 30 मिनट तक प्रवचन किया गया। इस दौरान अशोक कुमार साहू, शत्रुहन साहू, खेमराज साहू, रामलाल साहू, खुशराम साहू, जवाहरलाल साहू, चंद्रहास साहू प्रबंधक चिंवरी सोसाइटी, खेदनराम वर्मा, पुनीत राम साहू, ओमप्रकाश साहू, जमुनालाल साहू, साहूकार साहू, यशवंत साहू, महेंद्र साहू, हेमंत साहू, रूपचंद साहू, अवध साहू, विमल साहू, सोमप्रकाश साहू, उत्तम कुमार साहू मौजूद रहे। 31 मार्च को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ, संस्कार एवं पूर्णाहुति की जाएगी।

# कचना में लोककला महोत्सव का शुभारंभ

■ हिन्दू नववर्ष हमारी सनातन संस्कृति का गौरव दिवस है : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव





हिन्दू नववर्ष पर इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव लोक महोत्सव समिति द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से 28,29 एवं 30 मार्च को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे।

अध्यक्षता श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत ने की। विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र ध्रुव सरपंच कचना, श्रीमती गुलेश्वरी चैनू साहू उपसरपंच, नंदकुमार नेताम सरपंच पंचायत नवांगाव, पुरूषोत्तम चक्रधारी पूर्व सरपंच, कचना , मनोज साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नवांगाव, अलखराम साहू अध्यक्ष सोसायटी, शैलेंद्र वर्मा पूर्व उपसरपंच कचना, मोहित जैन कृषि विस्तार अधिकारी, अमित सिंह ठाकुर पटवारी, घनाराम साह पटेल, ग्रामीण समाज प्रमुख चोवाराम साहू, पुनऊ चक्रधारी, सूरज निषाद, हरिराम सेन, कीर्तन टंडन, नकुल यादव, चित्रसेन मानिकपुरी, बिरेंद्र सोनवानी, नारायण साहू पंच, किशन सोनवानी पंच, जितेंद्र चक्रधारी पंच, शिव चक्रधारी पंच प्रतिनिधि, जितेंद्र जांगड़े थे।

मुख्य अतिथि गौकरण ने कहा कि हिन्दू नववर्ष हमारी सनातन संस्कृति का गौरव दिवस है। लोक महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से संस्कृति और आदर्श से जोड़ने का सफल प्रयास किया जा रहा है। कुलेश्वरी गायकवाड़ ने कहा कि छत्तीसगढ़ गौरवशाली राज्य है जहां संत गुरु घासीदास जैसे संतों का जन्म हुआ है। ऐसे महापुरुषों को एक महोत्सव के माध्यम नमन किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गई। विभिन्न मानस मंडलियों ने भगवान की महिमा का बखान किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरुद होंगे। अध्यक्षता श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद करेंगे। विशिष्ट अतिथि ठाकुर राम साहू जनपद सदस्य कुरुद, शिवनारायण ताम्रकार अध्यक्ष, जिला सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन, रवि सिंगौर सरपंच सांकरा, धर्मेन्द्र ध्रुव सरपंच कचना, गुलेश्वरी चैनू साहू उपसरपंच कचना, पुरूषोत्तम चक्रधारी पूर्व सरपंच, आशीष रात्रे पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा, हीरासिंग ठाकुर सचिव, डाया साहू, बीरेंद्र सोनवानी, कामता साहू, कुमार साहू, संतो टंडन, किसुन चक्रधारी, मोरध्वज साहू होंगे। कार्यक्रम के संचालक डा चंद्र कुमार चक्रधारी एवं पुरुषोत्तम सेन शिक्षक हैं।



## खबर संक्षेप



### बिरगुड़ी में रामचरित मानस 3 से

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन 3 अप्रैल से किया जा रहा है। कुल 36 मंडलियों की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी मानस सम्मेलन अध्यक्ष अकबर कश्यप ने दी है।

### कनेरी में रिकार्डिंग डांस 31 मार्च को

**पुरूर।** चैत्र नवरात्रि पर कंकालिन मैया मंदिर कनेरी में रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू ने बताया कि 31 मार्च को रात्रि 8 बजे से रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता रखी गई है। एकल प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 15 सौ रूपये, द्वितीय एक हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 751 रूपये प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार रिकार्डिंग डांस में प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 3000 रूपये, द्वितीय 2000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये दिया जायेगा।

### नवोदय में चयन होने पर कराया न्योता भोज

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा की छात्रा रोशनी साहू का चयन नवोदय विद्यालय कुरुद के लिए हुआ है। वह मनोज- झामिन की पुत्री हैं। अपने चयन की ख़ुशी में उन्होंने न्योता भोज अंतर्गत स्कूली बच्चों को समोसा प्रदान किया। इस उपलब्धि पर एसएमसी अध्यक्ष धनंजय साहू, ग्वालसिंह साहू, प्रधानपाठक लीलाराम साहू, शिक्षक स्टॉफ राकेश चंद्राकर, रोशनलाल ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे, नोरेंद्र जोशी, पूर्णिमा साहू, त्रियामा ध्रुव, संकुल प्राचार्य गेवाराम नेताम, संकुल समन्वयक हेमंत सोनकर, दानीराम साहू, भूपाल साहू, छन्नूराम साहू समेत अनेक ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### सर्व सेन समाज की बैठक 1 अप्रैल को

**कुरूद।** सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन ने जिलास्तरीय मनोनीत कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का गठन कर उसकी घोषणा हेतु 1 अप्रैल मंगलवार को सुबह 11 बजे से चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर धमतरी में बैठक बुलाई है। अतिथि छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन, सचिव भुवनलाल कौशिक होंगे। समाजजनों से उपस्थिति की अपील जिला सचिव भगवानीराम शांडिल्य ने की है।

### ब्राम्हण समाज का नया सदस्यता अभियान प्रारंभ

**धमतरी।** जिला ब्राम्हण समाज धमतरी द्वारा चैत्र पक्ष से नया सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।



ब्राम्हण समाज धमतरी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि धमतरी ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी, सचिव अमन पांडेय एवं कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी, कुरूद ब्लॉक के अध्यक्ष कमलेश तिवारी, सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी एवं कोषाध्यक्ष नंदकिशोर पांडेय, भखारा ब्लॉक के अध्यक्ष यशवंत शुक्ला, सचिव सुनील तिवारी एवं कोषाध्यक्ष जगदीश्वर शर्मा, मगरलोड ब्लॉक के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, सचिव छन्नूलाल द्विवेदी एवं कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी, नगरी ब्लॉक के अध्यक्ष रवि दुबे, सचिव विमल मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष चंद्रहास दुबे से संपर्क कर अपनी सदस्यता ले सकते हैं। पारिवारिक विवरण पत्र में अपना एवं अपने परिवार का पूरा विवरण भरे। जो पूर्व में पारिवारिक विवरण पत्र भर लिए हैं, उन्हें प्रपत्र भरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जिले के संपूर्ण विप्रजनों से आग्रह किया है कि हिंदू नववर्ष उत्सव पर अपने-अपने घरों में एवं मंदिरों में मंगल दीप जलाएं।

**इतवारी बाजार अपडेट :** कुंदरू, बरबटी, भिंडी, गोभी, सेमी, मटर 30 रुपए किलो

# हरी सब्जियों के दाम गिरने से उपभोक्ता खुश, किसान मायूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की आवक बढ़ने से इसके दाम गिर गए हैं। रेट कम होने से जहां ग्राहक खुश हैं, वहीं सब्जी उत्पादक कृषक मायूस हैं। फसल का सही दाम नहीं मिलने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले 3 माह से हरी सब्जियों की कीमत कम होने से आम जनता को राहत मिली है। अब वे कम दाम पर मनपसंद सब्जियों का आनंद ले पा रहे हैं। कृषक सीताराम पटेल का कहना है कि सब्जियों के बंपर उत्पादन और बाजारों में भारी आवक से रेट गिर गए हैं। इसके अलावा दूसरे जिलों एवं राज्यों से सब्जियों की आवक शहर में हो रही है।

शहर के इतवारी बाजार में शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट कम होने से वे प्रसन्न नजर आए। सब्जी विक्रेता केशलाल सोनकर ने बताया कि रविवार को लौकी, टमाटर 10 रूपये किलो रहा। भटा, मूली 20 रूपये किलो बिका। गाजर, कुंदरू, बरबटी, भिंडी, कुम्हड़ा, गोभी, केला, पत्तागोभी, डोड़का, सेमी, मटर 30 रूपये किलो रहा। करेला, ग्वारफल्ली, मिर्च, शिमला मिर्च, परवल 60 रूपये किलो बिका। मुनगा, अदरक, कोचई, धनिया, ढेंस, कटहल 60 रूपये किलो रहा। मेथी भाजी 80 रूपये किलो बिकी। चेचभाजी, लालभाजी, चौलाई पालक, बथुआ, प्याज भाजी, खट्टा भाजी 30 से 40 रूपये किलो बिकी।

### किराना सामान के भाव स्थिर

पिछले माह भर से किराना सामानों के रेट स्थिर हैं। शादी, त्योहारी सीजन होने के बाद भी रेट नहीं बढ़ने से उपभोक्ता खुश हैं। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को आलू 25, प्याज 30, शक्कर 45, गुड़ 48, खड़ी हल्दी 150-200, खड़ी मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 280, काली मिर्च 780, लहसुन 90-100, रिफाइंड तेल 130, सरसों 80, मेथी 85, राहरदाल 120, मूंगदाल 110, उड़द दाल 110, मसूर दाल 85, चना देशी 80, काबुली 100-140, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 90, पोहा 50 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 65 रूपये दर्जन रहा।

# चंद्राकर-मूणत से मिलकर गद्‌गद्‌ हुए पीएम मोदी



- सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है यह दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

रविवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर एयरपोर्ट पर उतरे तो स्वागत करने के लिए भाजपाइयों की लंबी लाइन लगी थी। सभी ने श्री मोदी का अपने-अपने अंदाज में अभिवादन किया, लेकिन सभी का ध्यान खींचा पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और दूसरे पूर्व मंत्री राजेश मूणत से पीएम मोदी जिस अंदाज में मिले, उस दृश्य ने।

उल्लेखनीय है कि श्री चंद्राकर और श्री मूणत वर्तमान में सिर्फ विधायक हैं। ऐसा माना जाता है कि दोनों को ही मंत्री पद की उम्मीद और इंतजार है। चूंकि वर्तमान में दोनों सिर्फ विधायक हैं, तो स्वाभाविक है स्वागत करने वालों में उनका नंबर काफी पीछे था। दोनों स्वागत के लिए लाइन में एक के बाद एक खड़े भी थे। पीएम मोदी भी संभवतः उनकी उम्मीद और वर्तमान स्थिति से वाकिफ तो होंगे ही, सो जब वे इन दोनों के पास पहुंचे तो खिलाखिलाकर हंसते हुए दिखे। उनके साथ चंद्राकर और मूणत भी उसी तरह खिलखिलाकर हंसते दिखे। बहरहाल उनके बीच क्या ऐसी बात हुई जिससे तीनों खिलखिलाकर हंस पड़े यह तो हम नहीं कह सकते, लेकिन यह दृश्य सियासी गलियारों में चर्चा का विषय जरूर बन गया है।

### चर्चाओं का एक और दौर शुरू

उल्लेखनीय है कि, डा. रमन सिंह की सरकार में मूणत और चंद्राकर दोनों काफी प्रभावशाली मंत्री रहे हैं। इस बार जब फिर से भाजपा की सरकार बनी तो उम्मीद की जा रहा थी कि फिर से इन दोनों को मंत्री बनाया जाएगा और सरकार में कद भी काफी ऊंचा होगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इसके बाद सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। हालांकि मंत्रिमंडल में अभी भी दो पद खाली हैं, तो उम्मीद अभी बाकी है। पीएम मोदी के साथ खिलखिलाती हुई इस तस्वीर ने चर्चाओं के एक और दौर की शुरुआत कर दी है।

## महिला सिंधी समाज की बाइक रैली का पुष्प वर्षा से स्वागत



- हिंदुत्व एक समग्र जीवन पद्धति है जिससे समाज में सुख-शांति समृद्धि का होता है संचार : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


चैत्र नवरात्रि तथा हिंदू नव वर्ष के प्रथम दिवस को सिंधी समाज द्वारा चेट्रीचंड्र पर्व धूमधाम से मनाया गया। इससे एक दिन पूर्व सिंधी समाज की महिलाओं ने सफेद परिधान में पूरी आस्था के साथ विंध्यवासिनी मंदिर से बाइक रैली निकालकर शहर को धर्म के वातावरण से ओतप्रोत कर दिया।

इस अवसर पर बाइक रैली का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा के नेतृत्व में कचहरी चौक पर किया गया। पंडित श्री शर्मा ने कहा कि हिंदुत्व ही सर्वत्र समाज में सुख और शांति का संचार कर सकता है। इसके लिए हमारे तीज और त्योहार प्रमुख माध्यम है। इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

मौके पर पं. राजेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, हेमलता शर्मा, चंद्रकला पटेल, दिलीपराज सोनी, योगेश गांधी, प्रकाश शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, नील पटेल, कुलेश सोनी, पिन्टु यादव, सरिता यादव, मुकेश शर्मा, डॉली सोनी, कल्पना रणसिंह, नंदू जसवानी, आकाश शर्मा, विकास शर्मा, ननकू महाराज, सूरज शर्मा, आकाश, लक्की डागा, योगेश रायचुरा, गीतेश मुंजवानी मौजूद थे।

**देवी मंदिरों में जगमगाए आस्था के ज्योत**

## हिन्दू नववर्ष के साथ चैत्र नवरात्रि प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

रविवार को हिन्दू नववर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्रि भी प्रारंभ हो गई है। शुभ मुहूर्त में कुरूद की आराध्य देवी चंडी मंदिर, छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर, माता शीतला सहित विभिन्न देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

पहले दिन माता के शैलपुत्री रूप की पूजा हुई। नए साल के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। सुबह से ही लोग मंदिर पहुंचे। हर किसी ने नए साल की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की। इस दिन नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही ज्योत जंवारा बोया गया। वहीं अनेक गांवों में हिन्दू संघ -संगठन से जुड़े युवाओं ने बाइक रैली निकालकर भगवा ध्वज लहराया।

### चंडी मंदिर में 769 व काली मंदिर में 569 ज्योति प्रज्ज्वलित



नगर की आराध्य देवी चण्डी मंदिर में इस बार 769 ज्योति कलश स्थापित हुआ है। रामचन्द्र चन्द्राकर, खिलेंद्र चन्द्राकर, नरेंद्र चन्द्राकर, रजत चन्द्राकर, प्रहलाद चन्द्राकर, दीपक चन्द्राकर एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इसी प्रकार छग महतारी मंदिर में 522 तेज व 47 घी से ज्योत कलश प्रज्ज्वलित हो रहे हैं। पुजारी महेश शर्मा ने दुर्गा पाठ सहित पूजा-अर्चना की। मां काली मंदिर के संस्थापक व पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा सपत्नीक पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इसके अलावा यहां के शीतला मंदिर तथा विभिन्न गांवों में स्थापित देवी मंदिरों में घट स्थापना की गई।

## अब चौक-चौराहों की बढ़ेगी खूबसूरती

**धमतरी।** नगर निगम द्वारा शहर को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा ने शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण चौक चौराहों का निरीक्षण किया और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान घड़ी चौक, लक्ष्मी निवास चौक, नहर नाका चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों का जायजा लिया। अधिकारियों ने इन स्थानों पर सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा इन चौकों पर आकर्षक लाइटिंग, हरियाली, फव्वारे एवं आधुनिक सुविधाओं को जोड़ने की योजना बनाई गई है।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली ऐतिहासिक जीत : मोनिका



- भाजपा गंगरेल मंडल की प्रथम कार्यकारिणी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा गंगरेल मंडल द्वारा प्रथम कार्यकारिणी बैठक एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन की अध्यक्षता में किया गया। जिला महामंत्री एवं बैठक प्रभारी अविनाश दुबे ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ट्रिपल इंजन सरकार का सपना साकार हुआ है। मंडल अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य मोनिका ऋषभ देवांगन ने कहा कि भाजपा की असली ताकत हमारे समर्पित कार्यकर्ता हैं। पार्टी की रीढ़ कहे जाने वाले कार्यकर्ताओं की निष्ठा और मेहनत के कारण ही भाजपा आज गांव से लेकर देश की सत्ता तक मजबूत स्थिति में है। पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता मेरे लिए देवतुल्य है। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण ही आज छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार बन पाई है। जिला उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा नरेश साहू ने कहा कि सत्ता और संगठन को साथ लेकर विकास कार्यों को गति प्रदान करनी होगी।

बैठक का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री नरेश यादव व आभार प्रदर्शन महामंत्री चंद्रहास जैन ने किया। मौके पर जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव, उपाध्यक्ष केशव साहू, खूबलाल ध्रुव, विजय साहू, दिग्विजय सिंह कृदत्त, मंडल उपाध्यक्ष अनीश देवांगन, दीपलता ध्रुव, उमेंद्र सिन्हा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवित्रा दीवान सहित मंडल के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में कांग्रेसियों ने दिया एकजुटता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक निवास रुद्री में शनिवार को होली मिलन एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह हुआ जिसमें धमतरी विधानसभा से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। होली मिलन समारोह में आरंग के रंग झरोखा की प्रस्तुति हुई। विधायक ओंकार साहू ने कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन मुलाकात कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। विधायक निवास पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकजुटता को बनाए रखने का संकल्प लिया। पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस अब और अधिक संगठित होकर आगे बढ़ेगी। इस होली मिलन कार्यक्रम में नव निर्वाचित जिपं सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, पार्षद, उपसरपंच का सम्मान किया गया। समारोह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चंद्राकर, जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, कविता बाबर, मदन मोहन खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, विजय प्रकाश जैन, हरमिंदर छाबड़ा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर, मनोज साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सूर्यप्रभा चेटियार, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव अम्बिका सिन्हा, जिला कांग्रेस महामंत्री अमरदीप साहू, राजेश साहू, चंदन बाफना, हितेश गंगवीर, पार्षद दीपक सोनकर, सुमन मेश्राम, विशु देवांगन, ऋषभ ठाकुर, जितेंद्र साहू, पारसमणि साहू, चंद्रहास साहू, योगेश मारकंडे, खिलेंद्र ध्रुव, राजेश चंद्राकर, सोमेश मेश्राम, गुरु गोपाल गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## सामाजिक सद्भावना, समरसता का स्थान है गुरु का लंगर : विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिंधी समाज के आराध्य देव चेट्रीचंड्र भगवान की जयंती, हिंदू नववर्ष के साथ ही नवरात्रि प्रारंभ हो गई। सिंधी समाज द्वारा आयोजित भंडारे में सर्व समाज सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों ने प्रसाद पाया। सर्व समाज के प्रमुख दीपक लखोटिया, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षद विजय मोटवानी, समाजसेवी महेंद्र खंडेलवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने बताया कि आधुनिकता के चलते लोगों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में गुरु का अटूट लंगर सभी के लिए समर्पित होता है। यह सबको आपस में सामाजिक सौहार्द्रता, सद्भावना, समरसता के एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई ,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर परामर्श हेतु कुरूद में
1 अप्रैल, मंगलवार, पता : शिवशंकर मेडिकल स्टोर कारगिल चौक, कुरूद
समय - सुबह 10 से 3 बजे तक
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर